पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (14.09.2022)

दैनिक भास्कर

चेस से शुरू हुई पीयू इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

पटना | पटना लॉ कॉलेज के शताब्दी भवन में मंगलवार को अंतर विश्वविद्यालय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो अनिल कुमार, कुलानुशासक, पटना विश्वविद्यालय प्रो रजनीश कुमार, संकायाध्यक्ष, विधि विभाग डॉ. वाणी भूषण, पटना विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. चौधरी सर्फुद्दीन, स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डॉ. शिवसागर प्रसाद, स्नातकोत्तर विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार वर्मा, स्पोर्ट्स बोर्ड के सदस्य एवं स्नातकोत्तर विधि विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिव शंकर सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो अनिल कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा खेल में हरसंभव सहायता की घोषणा की। मंच का संचालन डॉ रुचि ने किया। कार्यक्रम में पटना विश्विद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के सदस्य डॉ मनोज प्रभाकर, शशि रंजन प्रकाश, प्रह्लाद आर्य तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार मौजूद रहे।